वार्षिक रिपोर्ट

2018-19

विनियामक फोरम (एफओआर)

वार्षिक रिपोर्ट
2018-19

विनियामक फोरम

विनियामक फोरम (एफओआर)
सचिवालयः मार्फत केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ),
तृतीय एवं चतुर्थ तल, चंद्रलोक बिल्डिंग,
36 जनपथ, नई दिल्ली – 110 001
दूरभाषः +91–11–23753920
फैक्सः +91–11–23752958

प्रस्तावना

वर्ष 2018–2019 के दौरान, विनियामक फोरम (एफओआर) ने विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श करने और विवेचनीय विषयों पर आगे बढ़ने के लिए सहमति तैयार करते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा करना जारी रखा। फोरम ने विद्युत क्षेत्र में सुधारों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए पर्याप्त उपाए किए।

फोरम ने डीम्ड वितरण अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों), वितरण फ्रैंचाइजी और 33 किलोवाट वोल्टेज स्तर से नीचे या उससे ऊपर से जुड़े विद्युत के सभी नामित उपभोक्ता(ओं) सहित वितरण अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों) को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से "विद्युत गुणवत्ता" के संबंध में अध्ययन किया और मॉडल विनियमों को तैयार किया। मॉडल विनियमों ने विद्युत गुणवत्ता के सूचकांकों, विभिन्न संस्थाओं की भूमिकाओं और दायित्वों, पालन किए जाने वाले मानकों/सीमाओं, उपयोग में लाए जाने वाली प्रोत्साहन/निरुत्साहन तंत्रो और विद्युत की गुणवत्ता के सभी पहलुओं के मॉनिटरिंग प्रबंधन और नियंत्रण को भी परिभाषित किया।

फोरम ने उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के लिए एक टास्क फोर्स गठित की। टास्क फोर्स की सिफारिशों में उत्पादन का कार्यात्मक पृथक्करण, पारेषण और वितरण कारोबार, आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) और प्राप्त की गई प्रति यूनिट औसत राजस्व (एआरआर) के बीच अंतर को कम करना, डीएसएम विनियमों को जारी करना और कार्यान्वयन, मांग में भावी वृद्धि के लिए एक रोडमैप तैयार करना, सब–स्टेशन और फीडर स्तर पर ऊर्जा ऑडिट, एटी एंड सी हानियों में कमी, क्षेत्र निर्दिष्ट डाटा पोर्टल, उत्तर पूर्व क्षेत्रों के एसएलडीसी का सशक्तिकरण, ज्ञान के आदान–प्रदान और क्षमता निर्माण के लिए क्षेत्र निर्दिष्ट कोर समूह और उत्तर पूर्व क्षेत्र में राज्य विनियामक आयोगों का संस्थागत सशक्तिकरण सम्मिलित थे। अध्ययन रिपोर्ट में सिफारिश किए गए वे–फॉरवर्ड में यूटिलिटीज की एआरआर/एपीआर प्रक्रिया के दौरान इस रिपोर्ट में विचार–विमर्श किए गए प्रदर्शन मानदंडों की आवधिक मॉनिटरिंग द्वारा प्रदर्शन वृद्धि के लिए उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों द्वारा एक निरंतर प्रक्रिया करनाय एसईआरसी और अन्य हितधारकों जैसे उत्तर पूर्व राज्यों में राज्य यूटिलिटीज और राज्य सरकारों द्वारा उदय, उजाला जैसी योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन, उत्तर पूर्व राज्य में ग्रिड अनुशासन के कार्यान्वयन के लिए समस्त (एसएएमएएसटी), डीएसएम का कार्यान्वयन और उत्तर पूर्व राज्यों जिसमें कि उत्तर–पूर्व प्रदेश में डिस्कॉम और एसएलडीसी सम्मिलित हो सकते हैं, के बीच विनियामक विकासों / नई खोजों को साझा करने के लिए ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए मंच का निर्माण सम्मिलित है।

फोरम ने एफओआर तकनीकी समिति के उप–समूह के "एलडीसी की क्षमता निर्माण" के संबंध में रिपोर्ट रिलीज की। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि एलडीसी की संस्थागत क्षमता निर्माण, समस्त (एसएएमएएसटी) के माध्यम से आरईएस के पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और विचलन व्यवस्थापन के लिए फ्रेमवर्क, राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री (एनओएआर), सहायक सेवाएं, लचीली सेवाओं के मूल्यांकन आदि जैसे विभिन्न विनियामक पहलुओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक है। रिपोर्ट में उपयुक्त कौशल के साथ पर्याप्त मैन–पॉवर के माध्यम से एलडीसी की वित्तीय और कार्यात्मक स्वायत्तता पर सिफारिशों के कार्यान्वयन, वास्तविक समय प्रचालन डेस्कों के सशक्तिकरण, रोबस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, सूचना और संचार प्रणालियों, स्वचालन और निर्णय समर्थन उपकरणों, उपयुक्त कार्य वातावरण, मानव संसाधन निर्माण, एफओएलडी के माध्यम से सहयोगी शिक्षण, एलडीसी सशक्तिकरण रिजर्व के लिए प्रावधान, प्रमाणन रिटेनर–शिप, केपीआई से जुड़े प्रोत्साहनों, बेंचमार्किंग और ईनामी कार्यक्रमों आदि के लिए 365 दिनों के रोड मैप की व्यवस्था थी।

फोरम द्वारा की गई पहलों की पृष्ठभूमि में, प्राथमिक रूप से उतरदायित्व अब कार्यान्वयन के लिए विभिन्न अध्ययनों की सिफारिशों को अपनाने के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों / संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों का है। फोरम इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के विचारविमर्श करने में लगा है ताकि उन विवेचनीय मुददों पर कार्यान्वयन योग्य समाधानों का पता लगाया जा सके जिससे विद्युत क्षेत्र में चहुमुखी विकास में बाधा पहुंच रही है। हम फोरम के आदेश को पूरा करने में सभी स्टेक होल्डरों से सतत सहायता की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष, विनियामक फोरम

विषय सूची

1. विनियामक फोरम 7

2. विनियामक फोरम की गतिविधियां 9

2.1 विनियामक फोरम की बैठकें 9

9 अप्रैल, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 63वीं बैठक 9

24 अगस्त, 2018 को रांची, झारखंड में आयोजित एफओआर की 64वीं बैठक 10

13 नवम्बर, 2018 को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित एफओआर की 65वीं बैठक 11

18 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 68वीं बैठक 12

2.2 पूरे किए गए अध्ययन 13

उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की पावर गुणवत्ता 13

भारतीय भार प्रेषण केंद्रों का क्षमता निर्माण 13

उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के लिए रिपोर्ट 14

भारत में ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सौर पीवी के लिए मीटरिंग विनियम और लेखांकन फ्रेमवर्क 15

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम 15

21 मई, 2018 को रायपुर में विद्युत विनियामक आयोगों के सचिवों की तीसरी कार्यशाला 15

11 से 12 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित की सुरक्षा'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15

11 से 13 फरवरी, 2019 को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, कानपुर में 12वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम 16

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, कानपुर और सेंटर फॉर रेगुलेशन (सीईआर) और एनर्जी एनालिटिक्स लैब (ईएएल) के सहयोग से 13 से 15 मार्च, 2019 को मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में विद्युत विनियामक आयोगों के आयुक्तों के लिए पहला वैश्विक विनियामक परिप्रेक्ष्य कार्यक्रम 16

3. वर्ष 2018 –19 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (सीईआरसी / एसईआरसी जेईआरसी) 18

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग 18

असम विद्युत विनियामक आयोग 20

आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 20

अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग 21

बिहार विद्युत विनियामक आयोग 21

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग 21

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग 22

गुजरात विद्युत विनियामक आयोग 22

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग 22

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 22

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा और संघ राज्य प्रदेश) 23
संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर और मिजोरम) 23
झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग 23
कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग 24
केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग 24
महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग 24
मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 25
मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग 25
नागालैंड विद्युत विनियामक आयोग 25
ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग 26
पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग 26
राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग 26
सिक्किम राज्य विद्युत विनियामक आयोग 26
त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग 27
तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग 27
तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग 27
उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 27
उत्तराखंड विद्युत विनियामक आयोग 27
पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग 28

4. राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की स्थिति 29

5. केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी के अध्यक्षों की सूची 30

6. वार्षिक लेखापरीक्षित लेखा 32

अनुबंध – I 50
सीईआरसी द्वारा अवधारित उत्पादन टैरिफ 50
अनुबंध – II 58
एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा जारी टैरिफ आदेशों की समयबद्धता 58
अनुबंध – III 62
सीजीआरएफ और लोकपाल की कार्यप्रणाली 62

1 विनियामक फोरम

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन' करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।'

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनत्तम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डो में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विद्युत विनियामक आयोगों को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों (विविआ) को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। 1998 के अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थितीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। अब 1998 के अधिनियम को विद्युत अधिनियम 2003 (संक्षेप में, 2003 का अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। 2003 अधिनियम की शुरुआत से विद्युत विनियामक आयोगों के कार्यकलाप विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका के साथ साथ इसे सरकार को परामर्श कार्य भी निर्दिष्ट किए गए हैं। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग तथा अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग, जेईआरसी (मणिपुर एवं मिजोरम) तथा जेईआरसी (गोवा एवं संघ शासित प्रदेश) जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी 2003 के अधिनियम के बाद गठित किए गए थे।

इस फोरम को 2003 के अधिनियम की धारा 166(2) के अंतर्गत उपबंध के अनुसरण में 16 फरवरी 2005 की विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से गठित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा तैयार किए गए विद्युत क्षेत्र में विनियमनों में एकरूपता प्राथमिक उद्देश्य था।

केन्द्रीय सरकार ने विनियामक फोरम के लिए निम्नलिखित नियम भी बनाए हैः–

❖ फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम के पदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

❖ फोरम के कार्य

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थात :–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्य कुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एक रूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;
- सामान्य हित के और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर करना;

- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउटसोंर्सिंग के माध्यम से या इन हाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;
- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्यकुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना; तथा
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।

❖ फोरम का वित्त

- केन्द्रीय सरकार फोरम की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकती है। केन्द्रीय आयोग फोरम की गतिविधियों के लिए अलग लेखा रखेगी।

❖ मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार है:–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एकरूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना।

2 फोरम की गतिविधियाँ

2.1 विनियामक फोरम की बैठकें

फोरम ने वर्ष के दौरान चार बैठकें आयोजित कीं और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाई।

अप्रैल, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 63वीं बैठक

- फोरम को सूचित किया गया था कि विद्युत मंत्रालय विभिन्न संचार माध्यमों से फोरम के सचिवालय से सीईआरसी और एसईआरसी के समक्ष दायर मामलों / याचिकाओं और उनके निपटान की स्थिति और विवरण नियमित रूप से प्रदान करने के लिए अनुरोध कर रहा है। इस संबंध में, अध्यक्ष, सीईआरसी / एफओआर ने सदस्यों को बृहत्तर पारदर्शिता और प्रकटीकरण की दिशा मे एक कदम के रूप में अपनी वेबसाइट पर मासिक आधार पर पेंडेंसी की स्थिति का विवरण (अर्थात् दायर याचिका, निपटाई गई याचिका और लंबित याचिका है, सीईआरसी के प्रारूप में) को रखने का सुझाव दिया।
- फोरम को सूचित किया गया था कि टैरिफ नीति, 2016 के खंड 5.11 (ग) में केंद्रीय आयोग द्वारा उत्पादन और पारेषण के संबंध में मूल्यह्रास की दरों को अधिसूचित करने की व्यवस्था है जो उपयुक्त संशोधन के साथ वितरण आस्तियों के लिए लागू होगीं जैसी भी विनियामक फोरम द्वारा विकसित की जा सकती हैं। फोरम ने कहा कि अपनी पूर्व बैठक में अध्यक्ष, सीईआरसी / एफओआर को एक कार्यकारी समूह गठित करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। फोरम ने इस मामले पर विचार–विमर्श किया और निर्णय लिया कि "निवेश पर रिटर्न" और "वितरण क्षेत्र में प्रचालन मानदंड" से संबंधित मुद्दों को भी कार्यकारी समूह के दायरे में शामिल किया जा सकता है। फोरम ने सुझाव दिया कि असम ईआरसी, बिहार ईआरसी, गुजरात ईआरसी, केरल राज्य ईआरसी और पश्चिम बंगाल ईआरसी प्रत्येक में से एक सदस्य को कार्यकारी समूह में शामिल किया जा सकता है।
- फोरम ने निम्नलिखित पर प्रस्तुतियों को नोट किया

  क) भार / उत्पादन प्रबंधन – अंत:दिवस (आरई सहित परिवर्तन से निपटने के विकल्प) संदर्भ – आरई एकीकरण के लिए प्रादेशिक सहयोग

  ख) 5–मिनट अनुसूचीकरण, मीटरिंग, लेखांकन और व्यवस्थापन के कार्यान्वयन के लिए उप–समूह

  ग) हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों से त्वरित रिस्पॉन्स सहायक सेवाएं (एफआरएएस) का परिचय

फोरम ने सीईआरसी और सीईए से जल्द से जल्द सुझाए गए पायलट अध्ययन के साथ फोरम को आगे ले जाने का अनुरोध किया। राज्य स्तर पर समान कार्रवाई करने हेतु एसईआरसी को सक्षम बनाने के लिए फोरम के साथ परिणाम साझा किए जा सकते हैं।

फोरम ने आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में हाइड्रो के लिए एफआरएएस) पर पायलट अध्ययनों (5–मिनट अनुसूचीकरण, मीटरिंग, लेखांकन और व्यवस्थापन पर पायलट अध्ययनों के साथ) के लिए तकनीकी समिति की सिफारिश का समर्थन किया।

- फोरम ने "पारेषण नियोजन, संयोजकता, दीर्घ कालिक पहुंच, मध्य कालिक निर्बाध पहुंच और अन्य सहबद्ध मामलों की समीक्षा" के लिए समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए ड्राफ्ट सीईआरसी (संयोजकता प्रदान करना, सामान्य नेटवर्क पहुंच और अन्य सहबद्ध मामले) विनियम, 2017 को दिनांक 14.11.2017 को नोट किया।
- एईआरसी ने फोरम को सूचित किया वर्ष 2022 तक 8% सौर और 17% की समग्र ट्रेजेक्टरी (सौर और गैर–सौर सहित) तक पहुंचने के लिए, आरपीओ ट्रेजेक्टरी के निर्धारण के लिए टैरिफ नीति, 2016 में निहित उपबंधों को ध्यान में रखते हुए, एईआरसी ने अपने आरपीओ विनियमों को संशोधित किया है। इसके बाद, एमएनआरई ने दिनांक 22.07.2016 को यह प्रस्ताव देते हुए कुछ अन्य दिशानिर्देशों को जारी किया कि 17% का समग्र आरपीओ वित्तीय वर्ष 2018–19 में ही प्राप्त किया जा सकता है। फोरम ने इसे नोट किया और देखा कि आरपीओ ट्रेजेक्टरी को निर्धारित करने की शक्ति संबंधित एसईआरसी / जेईआरसी के साथ निहित है और इसलिए, उनके द्वारा उपयुक्त निर्णय लिया जा सकता है।

- ईआरसी ने ''जनता की सुरक्षा और पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति'' के संबंध में एकरूप और मानक मॉडल विनियमों को लाने पर फोरम को अनुरोध करते हुए, फोरम ने नोट किया कि एपीईआरसी, टीएसईआरसी और बीईआरसी जनता की सुरक्षा और पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति के संबंध में पहले ही अपने राज्य निर्दिष्ट विनियमों को ला चुके हैं। फोरम ने देखा कि अन्य एसईआरसी / जेईआरसी अपने स्वयं के विनियमों को ला सकते हैं।
- फोरम ने विद्युत मंत्रालय द्वारा हाइड्रो विद्युत खरीद के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली दिशानिर्देशों को जारी करने के लिए फोरम का हस्तक्षेप मांगते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया। फोरम ने देखा कि टैरिफ नीति, 2016 में हाइड्रो परियोजनाओं के लिए लागत और टैरिफ अवधारण के लिए व्यवस्था है। इसलिए, आगे की किसी कार्रवाई का सुझाव नहीं दिया गया है।
- फोरम ने निर्बाध पहुंच का लाभ उठाने के लिए डीम्ड अनुज्ञप्तिधारी के रूप में भारतीय रेल द्वारा देय अन्य निबंधन और शर्त के साथ विभिन्न प्रभारों की प्रयोज्यता को निर्धारित करने के लिए एफओआर का हस्तक्षेप मांगते हुए हरियाणा ईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया, ताकि प्रभारों की उगाही के संबंध में राज्यों में एकरूपता प्राप्त हो सके। फोरम ने कहा कि विद्युत अधिनियम, 2003 और टैरिफ नीति, 2016 में उपयुक्त सीईआरसी / जेईआरसी द्वारा टैरिफ और लागू प्रभारों के अवधारण की व्यवस्था है। इसलिए, इस मामले पर संबंधित एसईआरसी / जेईआरसी द्वारा उपयुक्त रूप से विचार किया और निर्णय लिया जा सकता है।
- फोरम ने विद्युत पर जीएसटी की प्रयोज्यता से संबंधित मामले को केन्द्रीय सरकार तक ले जाने और जीएसटी के दायरे से एसईआरसी की छूट के लिए एफओआर का हस्तक्षेप मांगते हुए एचईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया। फोरम ने कहा कि सीईआरसी से संबंधित मामले को पहले ही जीएसटी परिषद के पास भेज दिया गया है और परिषद से जवाब का इंतजार किया गया है।
- फोरम ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 108 के अधीन राज्य सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देशों के प्रकाश में निर्बाध पहुंच प्रभारों की छूट पर चर्चा मांगते हुए एचईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया। फोरम ने कहा कि विद्युत अधिनियम, 2003 और टैरिफ नीति, 2016 में उपयुक्त एसईआरसी / जेईआरसी द्वारा टैरिफ और लागू प्रभारों के अवधारण की व्यवस्था है। इसलिए, मामले पर संबंधित एसईआरसी / जेईआरसी द्वारा उपयुक्त रूप से विचार किया और निर्णय लिया जा सकता है।
- फोरम ने पंजाब में स्थित आईपीपी में एफजीडी की समकालिक स्थापना को रोकने के लिए एफओआर के हस्तक्षेप की मांग करते हुए पीएसईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया। फोरम ने इस मामले पर चर्चा की और देखा कि पीएसईआरसी इस मामले को राज्य सरकार के माध्यम से सीधे एमओईएफ और सीईए के साथ उठाने पर विचार कर सकता है।
- फोरम को सूचित किया गया था कि टीईआरआई द्वारा विकसित वेब–टूल आरपीओ वेब–टूल के क्रमवेशन को सुगम बनाता है जिस प्रकार एफओआर स्थाई तकनीकी समिति सुगम बनाया गया है। इस प्रकार की अंतर–संचालनीयता मौजूदा तंत्र के उपयोग को उसकी पूर्ण क्षमता की सुविधा प्रदान करती है। एमएनआरई के प्रतिनिधि ने फोरम को यह भी सूचित किया कि एमएनआरई द्वारा विकसित वेब–टूल सभी राज्यों को मुफ्त में उपलब्ध कराया जाएगा। एसईआरसी / जेईआरसी, एमएनआरई से संपर्क कर सकते हैं।

24 अगस्त, 2018 को रांची, झारखंड में आयोजित एफओआर की 64वीं बैठक

- झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास बैठक में शामिल हुए। फोरम को अपने संबोधन में, उन्होंने नवीकरणीय सहित विभिन्न स्रोतों के माध्यम से वर्ष 2022 तक 4000 मेगावाट उत्पन्न करने का लक्ष्य निर्धारित करके राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्राथमिकता के बारे में बात की और यह कामना की कि एफओआर बैठक के दौरान लाभदायक चर्चा करेगा।
- अध्यक्ष, सीईआरसी, जेएसईआरसी और जीईआरसी ने ''भारत में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र तंत्र'' पर पोसोको रिपोर्ट जारी की। चर्चा के बाद, फोरम ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया। कुछ सदस्यों ने विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट आरपीओ लक्ष्यों के विरुद्ध प्रत्याशित कमी के साथ–साथ आरई उत्पादन की लागत में कमी / परिवर्तनों के संदर्भ में आरईसी तंत्र पर पुनः विचार की मांग की। इस मामले में, फोरम को सूचित किया गया कि सीईआरसी आरईसी के विनियामक प्रभाव आकलन पर एक अध्ययन करने की प्रक्रिया में है और वर्तमान परिदृश्य के संदर्भ में आरईसी तंत्र की प्रासंगिकता के संबंध में सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों को उक्त अध्ययन में कवर किया जाएगा।
- फोरम को एफओआर मॉडल नेट मीटरिंग विनियम, 2013 को अद्यतन करने के लिए वर्ल्ड बैंक द्वारा समर्थित आरंभ किए गए अध्ययन ख्भारतीय स्टेट बैंक को परिणामों के लिए प्रदर्शन (पीएफआर) ऋण साधन के अधीन, से अवगत कराया गया था। सिमुलेशन परिणामों के साथ सुझाए गए कारोबार मॉडल सहित एक प्रस्तुति परामर्शदाताओं की टीम द्वारा दी गई थी, गैप असेसमेंट और ग्रिड से जुड़े सौर रूफटॉप परियोजनाओं के लिए मॉडल विनियम पर रिपोर्ट

भी प्रस्तुत की गई। फोरम ने मॉडल विनियमों और रिपोर्ट पर विचार किया और एफओआर सचिवालय को 15 दिनों के भीतर एसईआरसी / जेईआरसी से टिप्पणियां मांगने का निर्देश दिया। प्राप्त टिप्पणियों को संकलित करने और उन्हें रिपोर्ट और मॉडल विनियमों में सम्मिलित करने के बाद, उन्हें अंतिम रूप देने के लिए एफओआर की अगली बैठक में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था।

- फोरम ने एसईआरसी द्वारा उपयुक्त कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय स्तर डाटा रजिस्ट्री प्रणाली के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकरण के लिए निर्दिष्ट क्षमता से ऊपर के सभी विद्युत उत्पादनकारी इकाइयों को निर्देश देने के लिए अपने टैरिफ विनियमों, आरई टैरिफ विनियमों और सौर रूफटॉप विनियमों को उपयुक्त रूप से संशोधित करने के लिए सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी सीईआरए को अनुरोध करते हुए सीईए से प्राप्त प्रस्ताव को नोट किया।
- फोरम को "भारतीय विद्युत क्षेत्र में संरचनात्मक सुध ाारों का समर्थन" (विद्युत क्षेत्र सुधार कार्यक्रम) के अधीन अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), ब्रिटेन सरकार के साथ विद्युत मंत्रालय (एमओपी), (भारत सरकार) की साझेदारी के बारे में सूचित किया गया, जो कि मुख्य रूप से भारतीय विद्युत क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों का समर्थन करने और विद्युत ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण के लिए है। इस कार्यक्रम के अधीन, परामर्शदाता प्लेटफॉर्म पर राज्यों की तुलनात्मक सूचना उपलब्ध कराने के लिए एफओआर की वेबसाइट पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए एफओआर की सहायता कर रहा है। फोरम ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी और सुझाव दिया कि इस प्रकार से विकसित किए गए प्रारूपों को सभी एसईआरसी ध जेईआरसी के साथ उनकी टिप्पणियों और विचार के लिए साझा किया जाना चाहिए।
- फोरम ने डब्ल्यूबीईआरसी के लिए विकसित ईआरएमएस पर प्रस्तुति का उल्लेख किया। यह प्रणाली याचिका डाटा और बाह्य डाटा को अधिकार में लेकर अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा प्रस्तुत डाटा को मान्य करने में आयोग की सहायता करती है।
- फोरम को विद्युत गुणवत्ता पर मॉडल विनियम और एफओआर की रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया गया। उप–समूह ने विद्युत गुणवत्ता पर मॉडल विनियमों को भी तैयार किया, जो डीम्ड वितरण अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों), वितरण फ्रैंचाइजी और 33 किलोवाट वोल्टेज स्तर से नीचे या उससे ऊपर से जुड़े विद्युत के सभी नामित उपभोक्ता(ओं) सहित वितरण अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों) पर लागू होगा। फोरम ने विद्युत गुणवत्ता पर रिपोर्ट को समर्थित किया।
- फोरम ने सीईआरसी की राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री (एनओएआर) पहल का उल्लेख किया और कहा कि फोरम के सदस्य इस पहल का समर्थन कर सकते हैं और सीईआरसी द्वारा परिकल्पित निर्बाध पहुंच संव्यवहारों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए संबंधित हितधारकों (एसएलडीसी सहित) को प्रभावित कर सकते हैं।
- फोरम ने एसईआरसी के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने से संबंधित सदस्य, एमईआरसी के प्रस्ताव का उल्लेख किया, जिसमें राज्य सरकारों को एसईआरसी के लिए स्वयं की भूमि और भवन प्रदान करने का अनुरोध किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुरूप था, जिसने विनियामक निकायों को इंफ्रास्ट्रक्चर सहायता प्रदान करने के लिए समर्थन किया था।
- विचार–विमर्श के बाद, फोरम ने सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों से सहमति जताई कि एसईआरसी को पर्याप्त स्टाफ बल प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। यह सहमति हुई कि उसी विषय के संबंध में एफओआर की पूर्ववर्ती रिपोर्ट पर एसईआरसी / जेईआरसी और अन्य विनियामक निकायों में स्टाफ बल की संरचना के विश्लेषण के साथ पुनः विचार किया जा सकता है।
- अध्यक्ष, डब्ल्यूईआरसी ने फोरम को सूचित किया कि एक फोरम का गठन करने की आवश्यकता है जो अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों पर चर्चा करेगा। चर्चा के बाद, फोरम विद्युत मंत्रालय की "समीक्षा, नियोजन और मॉनिटरिंग" की मासिक बैठकों के माध्यम से वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के प्रमुखों के साथ लगातार बैठक आयोजित करने की संभावना को पता लगाने पर सहमत हुआ।

13 नवंबर, 2018 को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित एफओआर की 65वीं बैठक

- फोरम को उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के लिए एफओआर टास्क फोर्स की रिपोर्ट से अवगत कराया गया। रिपोर्ट पर विचार–विमर्श के बाद, फोरम ने कुछ सिफारिशों के साथ टास्क फोर्स की सिफारिशों और आगे बढ़ने के तरीकों का समर्थन किया।
- फोरम को वितरण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास की विकास दरों, निवेश पर रिटर्न और विचलन क्षेत्र पर प्रचालन मानदंड के संबंध में एफओआर के कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक में विचार–विमर्श और सिफारिशों के अंतिम रूप से अवगत कराया गया। चर्चा के बाद, फोरम ने कार्यकारी समूह की सिफारिशों का समर्थन किया।
- एफओआर के सदस्यों को सभी एसईआरसी / जेईआरसी में ई–कोर्ट के कार्यान्वयन के लिए वेबटूल विकसित करने के लिए एनआईसी से प्राप्त

पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में अद्यतन किया गया था। फोरम के सदस्यों ने महसूस किया कि एनआईसी, एसईआरसी/जेईआरसी के लिए परियोजना का प्रभावी, विश्वसनीय और समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यह भी महसूस किया कि कॉपीराइट को आदर्श रूप से एफओआर के पास रखा जाना चाहिए। एफओआर सचिवालय को निधियों के शीघ्र रिलीज के लिए विद्युत मंत्रालय के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया ताकि एनआईसी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा सके और सभी एसईआरसी / जेईआरसी में ई–कोर्ट के कार्यान्वयन का कार्य शीघ्रातिशीघ्र आरंभ हो सके।

- फोरम को एफओआर के संबंध में जीएसटी की प्रयोज्यता से अवगत कराया गया था और एफओआर द्वारा सहमति के अनुसार, एफओआर ने जीएसटी के लिए स्वयं को पंजीकृत किया है और जनवरी 2018 से सदस्यता शुल्क पर जीएसटी का भुगतान कर रहा है। फोरम ने पंजीकरण की तिथि (नवंबर 2018) से एफओआर के संबंध में जीएसटी पर टीडीएस की प्रयोज्यता का समर्थन किया।
- फोरम को सूचित किया गया था कि मॉडल विनियम और "भारत में ग्रिड से जुड़े सौर रूफटॉप पीवी के लिए व्यापक मीटरिंग और लेखांकन फ्रेमवर्क के अंतराल आकलन""पर रिपोर्ट की 64वीं बैठक में चर्चा की गई थी और बैठक के दौरान कुछ मुद्दों को उठाया गया था और रिपोर्ट पर तदुपरांत स्थायी तकनीकी समिति की 21वीं और 22वीं बैठक में चर्चा की गई थी। फोरम को अवगत कराया गया था कि तकनीकी समिति ने सिफारिशों की थीं। विचार–विमर्श के बाद, फोरम ने रिपोर्ट और विनियमों में अनुगामी संशोधनों के अधीन मॉडल विनियमों और रिपोर्ट का समर्थन किया।
- ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक बैठक में शामिल हुए। फोरम को दिए अपने संबोधन में, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विचारों को उचित महत्व दिया जाना चाहिए और विनियामक फोरम से अनुरोध किया कि वे राज्य और उपभोक्ता हित को ध्यान में रखते हुए केंद्र को महत्वपूर्ण सिफारिशें करें। उन्होंने फोरम को राज्य की सामाजिक–आर्थिक वृद्धि को देखने के लिए मेक–इन–ओडिशा सम्मेलन का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।
- एलडीसी (सीएबीआईएल) की क्षमता निर्माण पर रिपोर्ट औपचारिक रूप से अध्यक्ष, सीईआरसी / एफओआर, अध्यक्ष, जीईआरसी, अध्यक्ष, ओईआरसी और सचिव, सीईआरसी द्वारा जारी की गई। फोरम ने उप–समूह के प्रयासों की सराहना की और क्षेत्र में भार प्रेषण केंद्रों की भूमिका को स्वीकार किया। फोरम ने उप–समूह की रिपोर्ट को अपनाया (जैसा कि एफओआर तकनीकी समिति द्वारा समर्थन किया गया)।
- फोरम ने टैरिफ नीति 2016 और विद्युत अधिनियम 2003 के प्रस्तावित संशोधनों में उपबंधों पर चर्चा की।
- फोरम को सितंबर–अक्टूबर 2018 के माह में विद्युत एक्सचेंज में विद्युत की कीमतों की प्रवृत्ति से अवगत कराया गया था। फोरम ने विचार–विमर्श के बाद कहा कि विद्युत एक्सचेंजों में संव्यवहारों की मॉनिटरिंग सीईआरसी द्वारा की जानी चाहिए। यह सहमति व्यक्त की गई कि कीमत खोज तंत्र के संबंध में एक विस्तृत प्रस्तुति की व्यवस्था एफओआर की आगामी बैठक में की जाएगी।
- अध्यक्ष, जीईआरसी ने फोरम को विशेष रूप से सभी एसईआरसी/जेईआरसी के नए अध्यक्षों और सदस्यों के लिए विनियमों के विधिक पहलुओं के संबंध में क्षमता निर्माण कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। फोरम ने इस प्रस्ताव पर चर्चा की और सुझाव दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ताओं को भी सत्र लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। जीईआरसी को औपचारिक रूप से एफओआर सचिवालय को प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया था ताकि इसे आगामी एफओआर बैठक में एजेंडा विषय के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

18 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 66वीं बैठक

- फोरम को सीबीआईपी द्वारा "सीईआरसी और एसईआरसी द्वारा जारी किए गए विनियमों'" और ''नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के संबंध में एमएनआरई और राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित नीतियां'' के संबंध में प्रकाशित संकलनों से अवगत कराया गया था। संकलनों में हितधारकों के लाभ के लिए उनकी वेबसाइट पर होस्टेड डाउनलोड योग्य संस्करणों और तुलनात्मक विवरणों के साथ–साथ सारांश सहित समेकित आदेश / विनियम सम्मिलित थे। फोरम ने इसे नोट किया।
- "मांग पूर्वानुमान और खरीद नियोजन पर विनियामक फ्रेमवर्क" के संबंध में एक मोनोग्राफ विमोचित किया गया था।
- फोरम को भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज और पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों द्वारा पावर एक्सचेंजों में कीमत खोज तंत्र से अवगत कराया गया था।
- सीईआरसी के एमआईएस प्रभाग के सहयोग से एफओआर सचिवालय ने एफओआर की वेबसाइट को अधिक सुरक्षित, अनुक्रियाशील, गतिशील और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से इसे फिर से डिजाइन करने का प्रस्ताव रखा है। फोरम ने वेबसाइट डिजाइन को अंतिम रूप देने के लिए अध्यक्ष सीईआरसी / एफओआर को प्राधिकृत किया।
- फोरम ने ''रिले / संरक्षण प्रणालियों की आवधिक ऑडिट के संबंध में सीईआरसी द्वारा आरपीसी को

निर्देश'' के संबंध में चर्चा की और राज्यों के भीतर पारेषण प्रणाली / वितरण प्रणाली में सुरक्षा ऑडिट और रिले सेटिंग को पूरा करने के महत्व की पहचान की। अध्यक्ष, सीईआरसी / एफओआर ने फोरम के सदस्यों से आवश्यक अनुपालन के लिए राज्य–स्तर पर मामला उठाने का आग्रह किया। सदस्यों ने सुझाव को नोट किया।

- फोरम को एफओआर की स्थायी तकनीकी समिति की गतिविधियों से अवगत कराया गया। उन्होंने फोरम को सूचित किया कि एग्रीगेटर्स / योग्यता प्राप्त समन्वय एजेंसियों (क्यूसीए) के मुद्दों पर विचार–विमर्श करने और हितधारकों की भूमिकाओं और दायित्वों का स्पष्ट रूप से वर्णन करने वाले एक मॉडल करार 5 भी तैयार करने के लिए अध्यक्ष, केएसईआरसी की अध्यक्षता में एक उप–समूह का गठित किया गया।
- फोरम को आरईसी विनियामक फ्रेमवर्क के अवलोकन से अवगत कराया गया। यह भी सूचित किया गया कि आरईसी तंत्र पर विनियामक प्रभाव आकलन अध्ययन आरंभ किया गया है जो कि अन्य के साथ फ्लोर और फोरबियरेंस कीमत निर्धारण तंत्र पर ध्यान के लिए अधिदेशित है।

2.2 पूरे किए गए अध्ययन

उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की पावर गुणवत्ता

विनियामक फोरम ने महसूस किया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) द्वारा निर्धारित विनियमों के अधीन विद्युत की गुणवत्ता के सभी मापदंडों को कवर नहीं किया गया है। वैश्विक स्तर पर, कई देशों में, पावर गुणवत्ता (पीक्यू) मानकों को व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के साथ–साथ डिस्कॉम के लिए विनियमों के माध्यम से कार्यान्वित और लागू किया जाता है। विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अधिकतर विनियामक हस्तक्षेप की आवश्यकता और विद्युत गुणवत्ता के मानकों के अधिक प्रभावी अनुपालन की आवश्यकता देखते हुए, "उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की पावर गुणवत्ता" के संबंध में एफओआर ने अध्ययन की शुरुआत की।

अध्ययन के उद्देश्यों में मॉडल पीक्यू विनियमों का मसौदा तैयार करने सहित उपयुक्त विनियामक हस्तक्षेपों के माध्यम से विद्युत उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत सुनिश्चित करने के लिए सम्मिलित मुद्दों की जांच करना और उपाय सुझाना सम्मिलित हैं।

रिपोर्ट की मुख्य सिफारिशें निम्नलिखित हैं:

- पावर गुणवत्ता विनियमों की आवश्यकता है जो विद्युत गुणवत्ता के सूचकांकों, विभिन्न संस्थाओं की भूमिकाओं और दायित्वों, पालन किए जाने वाले मानकों/ सीमाओं, उपयोग में लाए जाने वाली प्रोत्साहन / निरुत्साहन तंत्रो और विद्युत की गुणवत्ता के सभी पहलुओं के मॉनिटरिंग प्रबंधन और नियंत्रण को परिभाषित करते हैं।
- विश्वसनीयता सूचकांक (सैफी, सैदी) को मॉडल पीक्यू विनियमों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।
- विनियामकों को पारेषण और उप–पारेषण प्रणाली स्तर पर विद्युत गुणवत्ता के मानदंडों की मॉनिटरिंग के लिए उनके ग्रिड / आपूर्ति कोड या प्रदर्शन विनियम के मानकों में उपयुक्त तंत्र को लाना चाहिए।
- हार्मोनिक विरूपण, वोल्टेज भिन्नता और फ्लिकर, वोल्टेज असंतुलन, वोल्टेज सैग्स / स्वैल्स घंटियाँ और लघु और दीर्घ आपूर्ति रुकावटों जैसे विद्युत गुणवत्ता मानदंडों को पीक्यू विनियमों में निर्दिष्ट किए जाने की आवश्यकता है।
- वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा पहचाने गए स्थानों पर विद्युत गुणवत्ता मानदंडों की निगरानी और रिपोर्टिंग की जानी चाहिए।
- प्रोत्साहन / निरुत्साहन तंत्र को चरणबद्ध तरीके से संरचित और कार्यान्वित किया जा सकता है।
- विद्युत गुणवत्ता मापदंडों को वितरण में स्मार्ट ग्रिड अनुप्रयोगों के साथ एकीकृत किया जा सकता है।
- एसईआरसी पर्याप्त लंबी अवधि के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारियों या थोक उपभोक्ताओं द्वारा, जैसा भी मामला हो, पीक्यू डाटाबेस को बनाए रखने का दायित्व तय कर सकते हैं।
- विनियामक फ्रेमवर्क पीक्यू मानकों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं को निर्दिष्ट कर सकता है।
- विनियामक फ्रेमवर्क को स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा पीक्यू मानदंडों की अनुपालन लेखापरीक्षा को आरंभ कराना चाहिए।

अध्ययन को एफओआर द्वारा 24 अगस्त, 2018 को रांची, झारखंड में आयोजित इसकी 64वीं बैठक में अनुमोदित किया गया।

भारतीय भार प्रेषण केंद्रों का क्षमता निर्माण

भार प्रेषण केंद्र (एलडीसी) पावर प्रणाली और विद्युत बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस संकाय में लघु निवेश ग्रिड सुरक्षा, विश्वसनीयता, अर्थव्यवस्था, दक्षता और स्थिरता में प्रमुख लाभ प्राप्त करेंगे। 23 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित अपनी 18वीं बैठक में, राज्य स्तर पर नवीकरण के संबंध में फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिए विनियामक फोरम (एफओआर) की तकनीकी समिति का विचार था कि भारत में भार प्रेषण केंद्रों के संस्थागत क्षमता निर्माण को तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य को देखते हुए नए प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

इसके पश्चात् एफओआर ने ''भारतीय भार प्रेषण केंद्रों के क्षमता निर्माण'' पर एक अध्ययन करने का निर्णय लिया। व्यापक परामर्श, सर्वेक्षण और अनुसंधान किए गए। अध्ययन रिपोर्ट में एलडीसी के लिए इंफ्रास्ट्रक्चरय निर्णय समर्थन प्रणालीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकीय मानव संसाधन

पर्याप्तता और क्षमता निर्माणय राजस्व मॉडल, प्रदर्शन मूल्यांकन फ्रेमवर्क के संबंध में सुझावों की व्यवस्था है। अध्ययन रिपोर्ट में विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप के साथ एलडीसी की फीस और प्रभारों के लिए मॉडल विनियमों की भी व्यवस्था है।

अध्ययन रिपोर्ट के मुख्य आकर्षण निम्नलिखित हैं:

- एलडीसी की संस्थागत क्षमता निर्माण, समस्त (एसएएमएएसटी) के माध्यम से आरईएस के पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और विचलन व्यवस्थापन के लिए फ्रेमवर्क, राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री (एनओएआर), सहायक सेवाएं, लचीली सेवाओं के मूल्यांकन आदि जैसे विभिन्न विनियामक पहलुओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक है।
- यह रिपोर्ट विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श और सहयोग का परिणाम है। इसमें उपयुक्त कौशल के साथ पर्याप्त मैन–पॉवर के माध्यम से एलडीसी की वित्तीय और कार्यात्मक स्वायत्तता पर सिफारिशों के कार्यान्वयन, वास्तविक समय प्रचालन डेस्कों के सशक्तिकरण, रोबस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, सूचना और संचार प्रणालियों, स्वचालन और निर्णय समर्थन उपकरणों, उपयुक्त कार्य वातावरण, मानव संसाधन निर्माण, एफओएलडी के माध्यम से सहयोगी शिक्षण, एलडीसी सशक्तिकरण रिजर्व के लिए प्रावधान, प्रमाणन रिटेनर–शिप, केपीआई से जुड़े प्रोत्साहनों, बेंचमार्किंग और ईनामी कार्यक्रमों आदि के लिए 365 दिनों के रोड मैप की व्यवस्था है।
- आवश्यक संसाधन उभरते, मध्यम और बृहत् आकार के एलडीसी के लिए अलग–अलग होंगे। अखिल भारतीय स्तर पर, यह 3500–4000 व्यक्तियों और 900–1400 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की सीमा में होंगे जो कि विद्युत क्षेत्र में कार्यरत संसाधनों के 1% से कम होगा।
- सीईआरसी / एसईआरसी के मौजूदा फीस और प्रभार विनियमों के सर्वोत्तम अभ्यासों के उपयोग द्वारा विकसित एलडीसी फीस और प्रभारों के संबंध में मॉडल विनियम को उपयुक्त आयोगों द्वारा ठीक प्रकार से अपनाया जाना चाहिए।

13 नवंबर, 2018 को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित अपनी 65वीं बैठक में एफओआर द्वारा अध्ययन द्वारा रिपोर्ट का समर्थन किया गया।

उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के लिए रिपोर्ट

उत्तर–पूर्वी प्रदेश के विद्युत क्षेत्र में विकास का पूर्वानुमान लगाने के लिए, गुवाहाटी में आयोजित विनियामक फोरम (एफओआर) की 59वीं बैठक के दौरान, फोरम के सदस्यों और उत्तर–पूर्वी राज्यों के सदस्यों को सम्मिलित करते हुए एक कार्य दल का गठन किया गया था ताकि वे तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने और क्षेत्र के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए उत्तर पूर्व क्षेत्र की सुविधा के लिए अपनी विशेषज्ञता साझा कर सकें।

कार्य दल के निम्नलिखित उद्देश्य थे:

- उत्तर पूर्वी राज्यों के पावर क्षेत्र के प्रदर्शन का आकलन करना।
- प्रत्येक राज्य द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख चुनौतियों के सुधार के लिए उपाय सुझाना।
- निर्धारित अवधि के भीतर सुझाए गए उपायों को कार्यान्वित करने के लिए एक रोडमैप की सिफारिश करना।

विद्युत अधिशेष / घाटे के परिदृश्य का आकलन करने के लिए सूचना उपलब्धता जैसे विनियामक निष्कर्ष, मुख्य प्रदर्शन सूचकांक (केपीआई), टैरिफ पुनरीक्षण की आवृत्ति, एआरआर मानदंडों का आकलन जैसे कि ओ एंड एम व्यय, विद्युत खरीद लागत, आदिय संबंधित राज्यों की डिस्कॉम की दक्षता जैसे एटी एंड सी हानि प्रतिशत, बिलिंग और संग्रह दक्षता आदि के बाद उनके विद्युत आपूर्ति परिदृश्य डाटा के आधार पर प्रत्येक राज्य का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया था।

अध्ययन की सिफारिशों में उत्पादन का कार्यात्मक पृथक्करण, पारेषण और वितरण कारोबार, आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) और प्राप्त की गई प्रति यूनिट औसत राजस्व (एआरआर) के बीच अंतर को कम करना, डीएसएम विनियमों को जारी करना और कार्यान्वयन, मांग में भावी वृद्धि के लिए एक रोडमैप तैयार करना, सब–स्टेशन और फीडर स्तर पर ऊर्जा ऑडिट, एटी एंड सी हानियों में कमी, क्षेत्र निर्दिष्ट डाटा पोर्टल, उत्तर पूर्व क्षेत्रों के एसएलडीसी का सशक्तिकरण, ज्ञान के आदान–प्रदान और क्षमता निर्माण के लिए क्षेत्र निर्दिष्ट कोर समूह और उत्तर पूर्व क्षेत्र में राज्य विनियामक आयोगों का संस्थागत सशक्तिकरण सम्मिलित थे।

अध्ययन रिपोर्ट में सिफारिश किए गए वे फॉरवर्ड में यूटिलिटीज की एआरआर / एपीआर प्रक्रिया के दौरान इस रिपोर्ट में विचार–विमर्श किए गए प्रदर्शन मानदंडों की आवधिक मॉनिटरिंग द्वारा प्रदर्शन वृद्धि के लिए उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों द्वारा एक निरंतर प्रक्रिया करनाय एसईआरसी और अन्य हितधारकों जैसे उत्तर पूर्व राज्यों में राज्य यूटिलिटीज और राज्य सरकारों द्वारा उदय, उजाला जैसी योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन, उत्तर पूर्व राज्य में ग्रिड अनुशासन के कार्यान्वयन के लिए समस्त (एसएएमएएसटी), डीएसएम का कार्यान्वयन और उत्तर पूर्व राज्यों जिसमें कि उत्तर–पूर्व प्रदेश में डिस्कॉम और एसएलडीसी सम्मिलित हो सकते हैं, के बीच विनियामक विकासों / नई खोजों को साझा करने के लिए ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए मंच का निर्माण सम्मिलित है।

13 नवंबर, 2018 को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित अपनी 65वीं बैठक में एफओआर द्वारा अध्ययन रिपोर्ट का समर्थन किया गया।

भारत में ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सौर पीवी के लिए मीटरिंग विनियम और लेखांकन फ्रेमवर्क

भारत में ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सौर पीवी के लिए मीटरिंग विनियम और लेखांकन फ्रेमवर्क पर रिपोर्ट एफओआर से प्राप्त इनपुटों के साथ वर्ल्ड बैंक–भारतीय स्टेट बैंक ग्रिड–कनेक्टेड रूफटॉप फोटोवोल्टिक तकनीकी सहायता कार्यक्रम "सुप्रभा" के अधीन तैयार की गई है। रिपोर्ट का उद्देश्य हितधारक परामर्श से प्राप्त इनपुटों, अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा और वर्तमान विनियामक फ्रेमवर्क के एएस–आईएस आकलन के विश्लेषण के बाद भारत में ग्रिड–कनेक्टेड रूफटॉप फोटोवोल्टिक (जीआरपीवी) के लिए नए मॉडल विनियम के विकास के लिए अंतिम सिफारिशों का प्रस्ताव करना है।

असाइनमेंट के भाग के रूप में, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा जैसे विकसित देशों में जीआरपीवी प्रणाली के परिनियोजन के अंतरराष्ट्रीय अनुभव की भी समीक्षा की गई। संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी और कनाडा से प्रमुख प्रावधान, प्रयोज्यता, कारोबार मॉडल, मीटरिंग सिद्धांत, प्रणाली क्षमता, प्रणाली लोडिंग पर सीमाएं, संचार क्षमता, ग्रिड को निर्यात के मामले में लागू दर और व्यवस्थापन अवधि हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यासों के विपरीत, भारत में वर्तमान विनियामक फ्रेमवर्क स्व–उपभोग पर केंद्रित है और इसलिए मॉडल नेट मीटरिंग विनियम 2013 और राज्य विनियमों ने उपभोक्ता–पक्ष में अनुज्ञेय प्रणाली क्षमता और एकल डीटी क्षमता पर अनुज्ञेय प्रणाली क्षमता के संदर्भ में कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। ये सीमाएँ राज्यों में भिन्न–भिन्न होती हैं और इन्हें मानकीकरण की आवश्यकता होती है। वर्तमान विनियम केवल दो कारोबार मॉडलों, केपेक्स और रेस्को, को अनुमति देते हैं, जबकि भारत में जीआरपीवी प्रणालियों के प्रसार में सहायता के लिए भारतीय संदर्भ में अन्य कारोबार मॉडलों को भी सम्मिलित किया जा सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव से महत्वपूर्ण सीखों ने सुझाव दिया कि भारत में जीआरपीवी सेगमेंट भी वर्तमान प्रतिबंधों को हटाकर बढ़ सकता है। इनमें उच्चतर प्रणाली क्षमताओं या वितरण ट्रांसफॉर्मर क्षमता को, जहां तक संभव हो सके, प्रणाली प्रचालनों के दृष्टिकोण से पर्याप्त उपायों के साथ अनुमति देनाय विभिन्न प्रकार के उपभोक्ताओं के विभिन्न कारोबार मॉडल अपनाकर उपभोक्ता पहुँच को बढ़ानाय और उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए उपयुक्त ऊर्जा लेखांकन और पारिश्रमिक वाणिज्यिक व्यवस्थापन सिद्धांत प्रदान करना सम्मिलित हैं।

अध्ययन के माध्यम से पहचाने गए अंतरालों का समाधान करने के लिए मॉडल विनियम में प्रस्तावित परिवर्तन निम्नलिखित हैं:

- स्वीकृत भार और अधिकतम जीआरपीवी क्षमता के आधार पर व्यक्तिगत क्षमता के संदर्भ में प्रतिबंधों को हटाने के लिए प्रस्तावित परिवर्तन
- जीआरपीवी क्षमता पर विभिन्न सीमाओं, जो डीटी से जुड़ी हो सकती हैं, के मुद्दे को हल करने के लिए प्रस्तावित परिवर्तन
- सौर उत्पादन की आवश्यक वास्तविक–समय मॉनिटरिंग प्रणाली प्रचालनों में सहभागिता के लिए प्रस्तावित परिवर्तन
- प्रस्तावित कारोबार मॉडल और उनका लेखांकन और वाणिज्यिक व्यवस्थापन तंत्र
- नए स्वामियों मौजूदा पीपीए / कनेक्शन करार में लचीलेपन का समाधान करने के लिए प्रस्तावित परिवर्तन
- वर्तमान ऊर्जा लेखांकन और वाणिज्यिक व्यवस्थापन सिद्धांतों में अतिरिक्त उत्पादन के लिए पारिश्रमिक प्रदान करना
- भविष्य में विभिन्न परिदृश्यों की संभावना के कारण परिसर और जीआरपीवी प्रणाली की परिभाषा को समीक्षा की आवश्यकता है
- डिस्कॉम और प्रणाली प्रचालनों को सौर उत्पादन पर अधिकतर दृश्यता प्रदान करने के लिए मीटरिंग और संचार आवश्यकताओं को समीक्षा की आवश्यकता है

13 नवंबर, 2018 को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित अपनी 65वीं बैठक में एफओआर द्वारा अध्ययन रिपोर्ट का समर्थन किया गया।

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम

विनियामक फोरम (एफओआर) के प्रमुख दायित्वों में से एक विद्युत विनियामक आयोगों (ईआरसी) के कर्मियों का क्षमता निर्माण है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में फोरम द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

21 मई, 2018 को रायपुर में विद्युत विनियामक आयोगों के सचिवों की तीसरी कार्यशाला

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- भारत में उभरते विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक परिदृश्य
- इलेक्ट्रिक वाहन– नीतियां और कार्यान्वयन
- एसईआरसी से संबंधित सेवा मामले

11 से 12 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित की सुरक्षा'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- उपभोक्ता शिकायतों से निपटने के लिए क्रियाविधि – मॉडल तंत्र

- ग्राहक देखभाल अभ्यासों को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप
- मानकों और प्रदर्शन का परिचय और बीआरपीएल के बदलाव की कहानी
- विद्युत अधिनियम, 2003 और उपभोक्ता हित की सुरक्षा पर जोर देने के साथ विनियामक उपबंधों को सक्षम करना
- विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ताओं से संबंधित सांविधिक कानून और कुछ ऐतिहासिक न्यायनिर्णय

11 से 13 फरवरी, 2019 को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, कानपुर में 12वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय निम्नलिखित हैं:

- विनियमित क्षेत्र के लिए टैरिफ तैयार करने का अर्थशास्त्र
- रिटर्न की दर विनियम फ्रेमवर्क के अधीन उत्पादन टैरिफ तैयार करना
- पारेषण टैरिफ– प्वाइंट ऑफ कनेक्शन (पीओसी)
- वितरण टैरिफ– बहु वर्ष टैरिफ और ट्रूइंग अप
- दीर्घकालिक मांग पूर्वानुमान और विद्युत खरीद नियोजन के लिए विनियामक फ्रेमवर्क
- प्रदर्शन के मानक – कार्यान्वयन और विनियामक चुनौतियां
- यूटिलिटीज की कारोबार योजना – बहु वर्ष टैरिफ व्यवस्था के अधीन निवेश
- प्रतिपूरक टैरिफ – विधिक और वाणिज्यिक पहलू
- वितरण टैरिफ सेटिंग फ्रेमवर्क – राज्यों के बीच तुलना
- नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली – अब तक का अनुभव

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, कानपुर और सेंटर फॉर रेगुलेशन (सीईआर) और एनर्जी एनालिटिक्स लैब (ईएएल) के सहयोग से 13 से 15 मार्च, 2019 को मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में विद्युत विनियामक आयोगों के आयुक्तों के लिए पहला वैश्विक विनियामक परिप्रेक्ष्य कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए प्रमुख विषय निम्नानुसार हैं:

- विद्युत क्षेत्र में उभरते विनियामक मुद्दे
- खुदरा प्रतिस्पर्धा के अधीन वितरण नेटवर्क प्रदर्शन प्रबंधन
- ऑस्ट्रेलिया में विद्युत बाजार का विकास – आरई और खुदरा प्रतिस्पर्धा से चुनौतियां
- ऑस्ट्रेलिया में बाजार की मॉनिटरिंग और सहायक सेवाएं
- ऑस्ट्रेलिया में विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक परिदृश्य
- विद्युत बाजारों के भविष्य में पीयर टू पीयर ऊर्जा व्यापार की भूमिका
- उपभोक्ता कल्याण और विनियामक संस्थानों की स्वतंत्रता – आयुक्तों का परिप्रेक्ष्य

3

वर्ष 2018–19 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी)

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग

विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा इसके लिए सौंपे गए दायित्वों के बारे में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ) ने संज्ञान लेते हुए, विद्युत क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलें की।

आयोग ने केविविआ 7 मार्च 2019 की अधिसूचना के माध्यम से केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2019 जारी किया जो टैरिफ अवधि 2019–24 के लिए लागू है। इन विनियमों में अधिसूचित महत्वपूर्ण उपबंधों में 15.50 प्रतिशत और 16.50 प्रतिशत (पंप स्टोरेज हाइड्रो के लिए) पर इक्विटी पर रिटर्न की रखी गई दर शामिल है। तथापि परियोजनाओं के समय से पूरा होने के लिए 0.5 प्रतिशत की अतिरिक्त रिटर्न समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा कोयला आधारित उत्पादन केन्द्रों की ऊर्जा प्रभार दर की संगणना करते हुए स्टोरेज के दौरान भिन्नता के कारण ''जैसा प्राप्त किया गया'' जीसीवी पर 85 केसीएएल/किलोग्राम की अतिरिक्त भत्ते की अनुमति है।

इन विनियमों में शेष 9 महीने के कम मांग सीजन (अग्रिम में कम से 6 माह में संबंधित आरएलडीसी द्वारा घोषित किए जाने वाले) और 3 माह के उच्च मांग सीजन (सतत या अन्यथा) सहित क्षमता प्रभारों की वसूली के लिए पीक घण्टे और आफ पीक घण्टे के दौरान विभेदक दर (1.4.2020 से प्रभावी) आरंभ की। क्षमता प्रभारों के माध्यम से थर्मल उत्पादन केन्द्रों की एएफसी वसूली विभेदक दरों सहित पीक घण्टे और आफ पीक घटे में अलग की गई। पीक घण्टे दर आफ पीक घण्टे दर के 1.25 बार रखी गई। एएफसी पर कैप की गई कुल वसूली के साथ दैनिक पीक घण्टे (4 घण्टे) और आफ पीक घण्टे (20 घण्टे) अग्रिम रूप से कम से कम एक सप्ताह में संबंधित आरएलडीसी द्वारा घोषित किया जाएगा।

विनियमों में पीक घण्टों के दौरान एक्स बस अनुसूचित ऊर्जा के लिए 65 पैसे/किलोवाट घण्टे की दर और आफ पीक घण्टों के दौरान एक्स बस अनुसूचित ऊर्जा के लिए 50 पैसे/किलोवाट घण्टा पर विनिर्दिष्ट मानकीय संयंत्र भार घटक से अधिक के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था है। इसके अलावा हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों के मामले में द्वितीयक ऊर्जा भार दर 90 पैसे प्रति किलोवाट घण्टे से 120 पैसे प्रति किलोवाट घण्टे हो गई।

आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केन्द्रीय पारेषण कंपनी द्वारा मितव्ययी और दक्ष अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली की योजना, समन्वय और विकास तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम को अधिसूचित किया। इन विनियमों का उद्देश्य उत्पादन केन्द्रों से भार केन्द्रों को विद्युत के सुचारू प्रवाह के लिए अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के दक्ष, समन्वित, विश्वसनीय और मितव्ययी प्रणाली की योजना और विकास के लिए अपनाए जाने वाले व्यापक सिद्धांतों और क्रियाविधियों और प्रक्रियाओं को निर्धारित करना है। ये विनियम योजना प्रक्रिया में स्टेकहोल्डरों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने और स्टेकहोल्डर परामर्श एवं सहभागिता के लिए प्रक्रियाएं विनिर्दिष्ट करने, योजना प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए प्रक्रियाओं को विनिर्दिष्ट करने, उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अधिनियम के अनुसार विभिन्न संगठनों की भूमिका और उत्तरदायित्वों को निर्दिष्ट करने के लिए भी हैं।

आयोग ने सीईआरसी (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) में पांचवा संशोधन राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री (एनओएआर) के कार्यान्वयन के लिए एक समर्थकारी विनियामक फ्रेमवर्क के सृजन के उद्देश्य से अधिसूचित किया। एनओएआर का उद्देश्य एक केन्द्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म की सुविधा प्रदान करना है जिसके माध्यम से अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में अल्पकालिक निर्बाध पहुंच प्रशासिक होगी। एनओएआर से स्थायी क्लियरेंस के सत्यापन और डेअहेड एवं टर्म अहेड संव्यहवरों की प्रोसेसिंग के लिए पावर एक्सचेंजों से इंटरफेस प्रदान करना अपेक्षित है। इसके अलावा यह विचार किया गया है कि एनओएआर अल्पकालिक संव्यवहारों से संबंधित सभी भुगतानों के लिए भुगतान गेटवे उपलब्ध करवाते हुए वित्तीय संव्यवहारों को सरल बनाएगा। एनओएआर आवेदन और डेश बोर्ड सुविधा की लेखा परीक्षा उपलबध करवाएगा जिसमें बाजार डिजाइन मूल्यांकन उद्देश्यों और बाजार मॉनिटरिंग के लिए आवश्यक सूचना का सार बनाया जाएगा। यह सभी विशेषताएं देश के अंतरराज्यिक प्रणाली पारेषण प्रणाली के अल्पकालिक निर्बाध पहुंच के प्रशासन में कुशल एवं पारदर्शिता में पर्याप्त सुधार के लिए प्रत्याशित हैं।

2014 में अधिसूचित डीएसएम विनियमों में डीएसएम कीमत वेक्टर के पुनरीक्षण की व्यवस्था है। 2014 से विद्युत क्षेत्र में कई उपलब्धियां हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में आयोग ने उभरती बाजार वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए फ्रिक्वेंसी सहित

उनकी लिंकेज को शामिल करते हुए डीएसएम के सिद्धांतों की समीक्षा के लिए और ग्रिड के रक्षित और विश्वसनीय प्रचालन की समीक्षा के लिए फ्रिक्वेंसी के मौजूदा प्रचालन बैण्ड की समीक्षा की आवश्यकता पर विचार किया। तदनुसार आयोग ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) (चौथा संशोधन) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया। विनियमों के संशोधन में डीएसएम कीमत वेक्टर के लिए संदर्भ फ्रिक्वेंसी बैण्ड (अर्थात 49.85 हर्टज से 50.05 हर्टज तक) के पुनरीक्षण के अलावा पावर एक्सचेंज के डेअहेड मार्केट क्षेत्र में पता लगाई गई दैनिक औसत एरिया क्लियरिंग कीमत में लिंकिंग द्वारा डीएसम वेक्टर (50 हर्टज की कीमत पर) के पुनरीक्षण की व्यवस्था है। संशोधन में 8ध्– रुपये प्रति यूनिट तक की जाने वाली 50.00 हर्टज पर पावर एक्सचेंज के डीएएम क्षेत्र में पता लगाई गई औसत दैनिक एसीपी के लिए अधिकतम सीमा की व्यवस्था है और विनियमित एवं गैर विनियमित इकाइयों की अलग से कैप दरों की संबद्धता भी है। ग्रिड अनुशासन के लिए महत्वपूर्ण उपाय के लिए परिवर्तित मानदण्ड के लिए गैर अनुपालन के मामले में वित्तीय दण्ड की उगाही के लिए प्रावधान (एक दिशा में सतत विचलन) आरंभ किया गया।

विद्युत अधिनियम, 2003 के संगत उपबंधों के अनुसार तथा विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत के आयात और निर्यात पर मार्गनिर्देशों पर आयोग ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत का क्रॉस बार्डर व्यापार) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया जो भारत तथा पड़ोसी देशों में सहभागी इकाइयों के लिए लागू हैं जो भारत में विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार में लगे हुए हैं। इन विनियमों में यह व्यवस्था है कि भारत तथा पड़ोसी देश (देशों) के बीच विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार की व्यवस्था है। इकाइयों के बीच पारस्परिक करारों के माध्यम; से या बोली रूट के माध्यम; दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय करारों सहित; संबंधित देश (देशों) में प्रचलित विधियों के उपबंधों के अनुरूप भारत तथा पड़ोसी देश (देशों) के बीच हस्ताक्षरित करारों के समूचे फ्रेमवर्क के अधीन पड़ोसी देश (देशों) के इकाई (इकाइयों) तथा भारतीय इकाई (इकाइयों) के बीच पारस्परिक करारों के माध्यम से अनुमति होगी। तथापि त्रिपक्षीय करारों के माध्यम से भारत में विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार तथा सहभागी इकाइयों के संबंधित पड़ोसी देशों की सरकारों तथा भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय करारों के समूचे फ्रेमवर्क के अधीन अनुमति होगी।

वित्तीय वर्ष 2018–19 के अंत तक, कुल स्थापित क्षमता 356.1 गीगावॉट थी। इसमें से, थर्मल उत्पादन (कोयला, गैस और डीजल सहित), हाइड्रो और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्रमशः 63.5%, 12.7% और 21.8% है। आरई क्षमता के 77.6 गीगावॉट में से, पवन ऊर्जा और सौर की क्षमताएं क्रमशः 35.6 गीगावॉट और 28.2 गीगावॉट हैं। शेष क्षमता को लघु हाइड्रो पावर, बायोमास, अपशिष्ट–से–ऊर्जा आदि के बीच शेयर किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को 175 गीगावॉट तक बढ़ा दिया है जिसमें 100 गीगावॉट सौर से, 60 गीगावॉट पवन से, 10 गीगावॉट बायोपावर से और 5 गीगावॉट लघु हाइड्रोपावर से शामिल हैं। लक्ष्य में मुख्य रूप से 40 गीगावॉट रूफ–टॉप और बृहत और मध्यम पैमाने के ग्रिड से जुड़े सौर विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से 60 गीगावॉट शामिल होंगे। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लक्ष्यों के लिए और ग्रिड में इसके सुचारु एकीकरण के लिए, आयोग ने इस पर विचार–विमर्श जारी रखा और विद्युत बाजार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के कागजों को बड़े स्तर पर चर्चा आरंभ करने के लिए पब्लिक डोमेन में रखा गया है।

नवीकरणीय ऊर्जा के अस्थिर एवं अनिश्चित होने के कारण, ग्रिड में इसका प्रभावी एकीकरण विद्युत प्रणालियों के सुचारू प्रचालन के लिए महत्वपूर्ण है, अतः प्रणाली में इसके एकीकरण के लिए तथा बाजार प्रचालन के लिए उचित रूपरेखा की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, आयोग ने वास्तविक समय के समीप बाजार प्रचालनों में सुधार, केवल अनिरंतर नवीकरणीय ऊर्जा को काम में लाने के लिए नहीं, बल्कि अंतः दिवस समय होरिजन में संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के संबंध में आगे की कार्रवाई हेतु आवश्यकता महसूस की। बोली लगाने पर भुगतान मॉडल पर आधारित निरंतर व्यापार (अंतः दिवस व्यापार) की वर्तमान प्रणाली अपर्याप्तताओं के कारण कमजोर है और यहां तक कि यूरोप में भी इसके डिजाइन पर पुनर्विचार हो रहा है। अतः भारत में अंतः दिवस बाजार भाग को सुधार के अगले चरण में निरंतर व्यापार से एकरूप मूल्य निर्धारण तंत्र पर आधारित नीलामी की ओर जाने की आवश्यकता है।

इस पृष्ठभूमि में, आयोग ने वास्तविक समय बाजार के आयोजन का प्रस्ताव देते हुए एक प्रस्ताव पेपर प्रकाशित किया। इस प्रकार का तीव्र संव्यवहार/व्यवस्थापन स्वचलन की अपेक्षा करता है, तथा आयोग इस पर पहले से ही कार्यवाई आरंभ कर चुका है (राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री को कार्यान्वित करने के लिए विनियमों में संशोधन के माध्यम से)।

